भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 686**
दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**हर घर नल से जल योजना के अंतर्गत नल जल कनेक्शन**

**†686. श्री दामोदर अग्रवालः**
**श्री राजेशभाई नारणभाई चुड़ासमाः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस समय सरकार द्वारा पेयजल उपलब्ध कराने के लिए चलाई जा रही योजनाओं का ब्यौरा क्या है,
(ख) रायपुर क्षेत्र सहित राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में हर घर नल से जल योजना के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति क्या है और इस योजना के अंतर्गत क्या लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं और कितने लक्ष्य प्राप्त किए गए हैं;
(ग) विगत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान राजस्थान में इस गोजना के अंतर्गत जिला-वार और वर्ष-वार कितनी धनराशि स्वीकृत की गई और उपयोग की गई है;
(घ) इस योजना के अंतर्गत गुजरात में कितने परिवारों को नल जल के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं और कितने कनेक्शन स्वीकृत किए गए हैं, और
(ङ) इस संबंध में सरकार द्वारा प्रस्तावित भावी कार्ययोजना का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) भारत सरकार देश के सभी ग्रामीण परिवारों को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता वाली पर्याप्त मात्रा में सुरक्षित और पीने योग्य नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस दिशा में, भारत सरकार ने अगस्त 2019 में राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की भागीदारी में लागू होने वाले जल जीवन मिशन (जेजेएम) की शुरुआत की। जल राज्य का विषय है और भारत सरकार तकनीकी तथा वित्तीय सहायता प्रदान करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रयासों में सहायता करती है।

जेजेएम के शुभारंभ के बाद से देश में ग्रामीण परिवारों की नल जल तक पहुंच बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। अगस्त 2019 में मिशन की शुरुआत में, केवल 3.23

करोड़ ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन की सूचना थी। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 23.11.2024 तक, लगभग 12.06 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को जेजेएम के तहत नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 23.11.2024 तक, देश के 19.34 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15.29 करोड़ (79.09%) से अधिक ग्रामीण परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है।

(ख) रायपुर क्षेत्र सहित राजस्थान के भीलवाड़ा जिले में जल जीवन मिशन के कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति निम्नलिखित तालिका में दी गई है:

| जिला/ब्लॉक | कुल गांव | हर घर जल[1] गांव | कुल ग्रामीण परिवार (एचएच) | नल कनेक्शन वाले परिवार |
|---|---|---|---|---|
| **भीलवाड़ा जिला** | 1,082 | 704 | 2,73,476 | 2,21,210 |
| **रायपुर ब्लॉक** | 92 | 22 | 21,458 | 14,500 |

*स्रोत:जेजेएम-आईएमआईएस*

(ग) जल जीवन मिशन के अंतर्गत निधियां राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को सीधे जारी की जाती हैं और उनके आगे जिला-वार आबंटन भारत सरकार के स्तर पर नहीं अपितु केवल संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा किए जाते हैं। इस प्रकार, पिछले तीन वर्षों (वर्ष-वार) और चालू वर्ष (23.11.2024 तक) के दौरान राजस्थान राज्य सरकार को आवंटित धनराशि और जेजेएम के तहत उनका उपयोग नीचे दिया गया है:

(राशि करोड़ रुपये में)

| वर्ष | केंद्रीय अंश | | | | | राज्य व्यय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | अथ शेष | आबंटित निधि | आहरित निधि | उपलब्ध निधि | व्यय | |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5)= (2)+(4) | (6) | (7) |
| 2019-20 | 313.67 | 1,301.71 | 1,301.71 | 1,615.38 | 620.31 | 702.35 |
| 2020-21 | 995.07 | 2,522.03 | 630.51 | 1,625.58 | 762.04 | 815.90 |
| 2021-22 | 863.53 | 10,180.50 | 2,345.08 | 3,208.61 | 1,919.83 | 1,693.61 |
| 2022-23 | 1,288.79 | 13,328.60 | 6,081.80 | 7,370.59 | 3,935.10 | 4,123.31 |
| 2023-24 | 3,435.49 | 3,019.94 | 250.00 | 3,685.49 | 2,898.54 | 3,903.05 |
| 2024-25 | 786.95 | 11,061.46 | 1,659.22 | 2,446.17 | 2,161.81 | 848.61 |

*स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस*

(घ) गुजरात राज्य सरकार द्वारा जेजेएम आईएमआईएस पर सूचित किए गए अनुसार, दिनांक 15 अगस्त 2019 तक, 65.16 लाख (71.46%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन

---

[1] हर घर जल गांव का अर्थ है कि सभी परिवारों, विद्यालयों और आंगनवाड़ियों को नल जल आपूर्ति प्रदान की गई है।

तक पहुंच थी। जेजेएम के तहत, गुजरात में 26.02 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, आज की स्थिति के अनुसार, गुजरात को जेजेएम-आईएमआईएस पर 'हर घर जल-राज्य' के रूप में सूचित किया गया है, जहां सभी 91.18 लाख ग्रामीण परिवारों के पास उनके घरों में नल जल कनेक्शन का प्रावधान है।

(ङ) भारत सरकार देश के सभी शेष ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान करने के लिए राज्य सरकारों को सहायता प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है।

*****